क्षेत्रीय क्षमता निर्माण एवं ज्ञान संस्थान
भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग
20, सरोजिनी नायडू मार्ग, प्रयागराज
REGIONAL CAPACITY BUILDING AND KNOWLEDGE INSTITUTE
Indian Audit & Accounts Department
20, Sarojini Naidu Marg, Prayagraj- 211001
Phone – 2421063, 2421364, 2624467 Fax- 0532-2423485

पत्रांक: क्षे.क्ष.नि.ज्ञ.सं.(प्र.)/प्रशा./फा-234/2026-27/नी.आ.-14 दिनांक: 02 /06/2026

<u>निविदा सूचना</u>

कार्यालय महानिदेशक, क्षेत्रीय क्षमता निर्माण एवं ज्ञान संस्थान, प्रयागराज के परिसर में कार्यालय के पुराने पड़ें फर्नीचर आदि सामानों (कुर्सी, मेज, आदि विविध अन्य सामान) को बिक्री हेतु सुविधाजनक ठेरियों में रखा गया है, जिसके निस्तारण हेतु बिडर/व्यक्तियों से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 10.06.2026 से दिनांक 12.06.2026 तक प्रात: 11.00 बजे से 2.00 बजे के मध्य (कार्यदिवसों के दौरान), उक्त सामानों का निरीक्षण कार्यालय परिसर में उपस्थित होकर कर सकते है एवं निविदाएँ सील बंद लिफाफे में दिनांक 12.06.2026 को 5.00 बजे (अपराहन) तक कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदा जमा करने की **<u>अंतिम तिथि 12.06.2026</u>** है।

निविदा फार्म एवं निविदा की नियम व् शर्तों के अन्य विवरण अधोहस्ताक्षरी, अथवा इस संस्थान के सहायक प्रशासनिक अधिकारी/प्रशासन से प्राप्त किए जा सकते है साथ ही कार्यालय की वेबसाइट: **cag.gov.in/rti/allahabad/en** के माध्यम से डाउनलोड भी किया जा सकता है।

संलग्न: नियम व् शर्तें ।

02.6.26

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
क्षेत्रीय क्षमता निर्माण एवं ज्ञान संस्थान,
प्रयागराज

<u>निविदा से सम्बंधित पुराने/टूटे फर्नीचर इत्यादि सामानों की बिक्री (disposal) सम्बन्धी शर्ते :-</u>

1. निविदा प्रस्तुत करने वाले इच्छुक व्यक्तिय/फार्म को दिनांक 10.06.2026 से 12.06.2026 तक प्रात: 11.00 बजे से 2.00 बजे के मध्य (कार्यदिवसों के दौरान) कार्यालय महानिदेशक, क्षेत्रीय क्षमता निर्माण एवं ज्ञान संस्थान, प्रयागराज (उ0प्र0) के परिसर में पुराने/टूटे फर्नीचर आदि का निरीक्षण कर सकते है।

2. निविदाकर्ता को रु. 5000/- की सुरक्षा धनराशि अग्रिम धन के रूप में जमा करनी होगी जो कि (क) 'वेतन एवं लेखाधिकारी, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर-प्रदेश, प्रयागराज' **(Pay & Accounts Officer, O/o the Accountant General (A&E)-I Uttar Pradesh, Prayagraj)** के पक्ष में डिमांड-ड्राफ्ट/इएमडी के रूप में जमा कर सकते है।

3. बिड हेतु सामानों के सम्पूर्ण ढेरियों की राशि हेतु निविदाएं सील बंद लिफाफे में, जो कि अधोहस्ताक्षरित 'वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, क्षेत्रीय क्षमता निर्माण एवं ज्ञान संस्थान, प्रयागराज' को संबोधित हो, दिनांक 12.06.2026 को अपराहन 5.00 बजे तक इस कार्यालय के प्रशासन अनुभाग में उपलब्ध टेंडर बॉक्स में जमा की जा सकती है, जिसे दिनांक 15.06.2026 को सुबह 11.00 बजे गठित समिति के समक्ष कार्यालय में खोला जाएगा। बिड में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति लिफाफे खोले जाते समय उपस्थित रह सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा ।

4. निविदा के खोले जाने पर जिस बिडर/निविदाकर्ता की निविदा दर अधिकतम पायी जाती है उसे निविदा की सकल धनराशि का 50% प्रतिशत तत्काल इस कार्यालय के खजांची के पास नकद जमा करना अनिवार्य होगा तथा शेष धनराशि अगले कार्य दिवस को जमा कर सामग्री तीन कार्य दिवस के अन्दर कार्यालय परिसर से ले जाना होगा । यदि प्रथम बोलीदाता, निविदा की सकल धनराशि का 50% प्रतिशत तत्काल जमा किये जाने में असमर्थ रहता है तो उसकी निविदा निरस्त कर दी जाएगी एवं धरोहर की धनराशि रु. 5000/- जब्त कर ली जाएगी ।

5. प्रथम उच्च बोलीदाता के विफल होने पर सामग्री की नीलामी द्वितीय उच्च बोलीदाता को क्रम संख्या 4 की शर्तों के अधीन दी जाएगी ।

6. यदि कोई सफल निविदाकर्ता (बिडर) कुल निविदा की राशि जमा करने के तीन कार्य दिवस के अन्दर सामान नहीं उठा ले जाता है, तो उससे रु. 500/- प्रतिदिन की दर से भण्डारण शुल्क (स्टोरेज चार्जेज) लिया जाएगा, जो उसे सामान उठाने की तिथि तक संस्थान के खजांची के पास जमा करना होगा, सामान को उठाने और ले जाने आदि की व्यवस्था एवं खर्च स्वयं सफल बोलीदाता को करनी होगी ।

7. किसी भी सरकारी कर्मचारी को निविदा में भाग लेने की अनुमति प्राप्त नहीं होगी। ऐसा करने वाले कर्मचारी का कृत्य आचरण नियमावली के अंतर्गत अनुचित समझा जायेगा एवं उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी ।

8. कार्यालय के पास बिना कोई कारण बताये किसी निविदा, निविदा के अंश, या सफल निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा ।

9. किसी विवाद की स्थिति में महानिदेशक, क्षेत्रीय क्षमता निर्माण एवं ज्ञान संस्थान, प्रयागराज का निर्णय अंतिम होगा और सम्बंधित निविदाकर्ता (बिडर) उसे मानने के लिए बाध्य होगा ।

K.M 02.6.26

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
क्षेत्रीय क्षमता निर्माण एवं ज्ञान संस्थान,
प्रयागराज

निविदा फार्म

निविदादाता का नाम :- ....

जमा धनराशि (DD/EMD की राशि) ....

रशीद संख्या (DD/EMD संख्या) : ....

दिनांक: ....

कुल धनराशि (GST सहित) : ....

....

....

संलग्नक:-

1. फर्म का रजिस्ट्रेशन न./पता
2. फर्म का जीएसटी न.
3. पहचान पत्र सम्बन्धी प्रमाण-पत्र
4. (DD/EMD की राशि) की मूल प्रति

भवदीय

हस्ताक्षर :

नाम :

पता :

मो. :